# कोटि सूर्योपासना के साथ नवसंवत्सर का किया स्वागत



## सम्राट विक्रमादित्य पर आधारित नाट्य प्रस्तुति ने बांधा समां

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 19 मार्च।** भारतीय संस्कृति और परंपरा के गौरवशाली प्रतीक विक्रमोत्सव-2026 के अंतर्गत सृष्टि आरंभ दिवस वर्ष प्रतिपदा एवं विक्रम संवत् 2083 के शुभारंभ अवसर पर श्कोटि सूर्योपासना का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर धार्मिक, सांस्कृतिक और नाट्य गतिविधियों के माध्यम से भारतीय परंपराओं का जीवंत उत्सव प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने किया। इस दौरान महापौर श्रीमती शारदा सोलंकी, कमलेश कुशवाह, सीईओ जिला पंचायत कमलेश कुमार भार्गव, ननि सभापति राधारमण डंडोतिया, अपर कलेक्टर अश्विनी कुमार रावत, एसडीएम बीएस कुशवाह सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सम्राट विक्रमादित्य पर आधारित विशेष नाट्य प्रस्तुति रही, जिसका मंचन वीमेंस नाट्य संस्था ग्वालियर द्वारा किया गया। प्रसिद्ध रंगकर्मी गीतांजलि गिरवाल के निर्देशन में प्रस्तुत इस नाटक में कलाकारों ने सम्राट विक्रमादित्य के जीवन, उनकी न्यायप्रियता और सांस्कृतिक योगदान को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से मंचित किया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। संगीत संयोजन अभिषेक त्रिपाठी द्वारा किया गया, जबकि लेखन एवं सह निर्देशन की जिम्मेदारी प्रसन्न सोनी ने निभाई। संजय श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में यह प्रस्तुति साकार हुई।

### विज्ञान और जीवन पद्धति का सशक्त प्रतीक हैं भारतीय परम्पराएं

मप्र नाट्य विद्यालय भोपाल के सहयोग से कार्यक्रम आयोजित हुआ। कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य की वीरता और राष्ट्र गौरव की पुनर्स्थापना भारतीय इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है, जो हमें आज भी ऊर्जा और आत्मविश्वास प्रदान करता है। उन्होंने विक्रम संवत् की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह केवल एक कालगणना नहीं, बल्कि भारतीय परंपराए विज्ञान और जीवन पद्धति का सशक्त प्रतीक है।

# जिला अस्पताल में फायरिंग करने वाले 2 नाबालिग पकड़े

**मुरैना, 19 मार्च।** जिला अस्पताल परिसर में 14 मार्च को फायरिंग करने वाले दो अपचारी बालकों को सिटी कोतवाली पुलिस ने 19 मार्च को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त बाइक के साथ 315 बोर कट्टा और एक खाली खोखा बरामद किए है। जानकारी के अनुसार 14 मार्च की रात को बाइक क्रं. एमपी06-जेडएफ-9866 पर सवार होकर आए दो युवकों ने जिला अस्पताल परिसर में हवाई फायरिंग की थी। फायरिंग के बाद युवक भाग निकले थे। फायरिंग की घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इस वीडियो के संज्ञान में आने के बाद कोतवाली पुलिस ने घटना को लेकर 18 मार्च को देवेश पचौरी निवासी सतीपुरम कॉलोनी की रिपोर्ट पर अपराध दर्ज किया था। पड़ताल के दौरान 19 मार्च को पुलिस ने फायरिंग की वारदात को अंजाम देने वाले दो अपचारी बालकों को गिरफ्तार कर लिया। कार्यवाही में निरीक्षक अमित सिंह भदौरिया, एसआई अरुण कुशवाह, पवन भदौरिया, प्र.आर. अनिल दोहरे, राधाचरण, आरक्षक अशोक गुर्जर, श्यामबिहारी, सूरज राठौर, अर्जुन जाट, प्रदीप मांझी शामिल थे।



# मारपीट कर महिला के कानों से सोने के टॉप्स ले गए बदमाश



## गोपीनाथ की पुलिया क्षेत्र में बाइक सवार 3 बदमाशों ने दिया वारदात को अंजाम

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 19 मार्च।** कुं. जाहर सिंह शर्मा मार्ग पर स्थित विशाल मेगा मार्ट से खरीददारी करने के बाद बाहर निकली महिला के साथ बाइक सवार तीन युवकों ने गालियां देते हुए मारपीट कर डाली। मारपीट के युवक महिला के कानों से सोने के टॉप्स छीनकर ले गए। वारदात गुरूवार की दोपहर गोपीनाथ की पुलिया क्षेत्र में विशाल मेगा मार्ट के बाहर होना बताई जा रही है।

पीड़ित महिला रंजना जाटव 34 पत्नी संतोष जाटव निवासी सिग्नल बस्ती ने बताया कि गुरूवार की दोपहर पड़ौस में रहने वाली महिलाओं के साथ वह विशाल मेगा मार्ट में खरीददारी करने गई थी। शॉपिंग करने के बाद जब रंजना बाहर निकली तो उसके साथ मौजूद बुजुर्ग महिला के साथ बाइक पर सवार होकर आए तीन बदमाशों ने अभद्रता करना शुरू कर दिया। रंजना ने जब युवकों का विरोध किया तो उन्होंने रंजना की मारपीट कर डाली, इसी दौरान युवक रंजना के कानों से सोने के टॉप्स छीनकर भाग निकले। रंजना के अनुसार मारपीट और टॉप्स छीने जाने की घटना विशाल मेगा मार्ट के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। पीड़िता रंजना जाटव ने सिटी कोतवाली थाने पहुंचकर घटना की जानकारी दी। खबर लिखे जाने तक पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की थी।






# भारतीय नववर्ष प्रकृति और संस्कृति का अद्भुत समागम

## नव संवत्सर एवं डॉ. हेडगेवार की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 19 मार्च।** चैत्र मास की प्रतिपदा का दिन केवल कैलेंडर का परिवर्तन नहीं, बल्कि प्रकृति के पुनर्जन्म का प्रतीक है। बसंत के आगमन, नव पल्लव और पुष्पों की सुगंध के साथ इस दिन प्रकृति नया रूप लेती है, जो जनमानस में नई ऊर्जा का संचार करती है। भारतीय नववर्ष प्रकृति और संस्कृति के अद्भुत समागम का दिन है।

यह विचार आरएसएस के विभाग समरसता संयोजक डॉ. रामकुमार सिंह सिकरवार ने व्यक्त किए। श्री सिकरवार, हिंदू नव संवत्सर चैत्र प्रतिपदा एवं डॉ. हेडगेवार के जन्मदिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता बोल रहे थे। इस कार्यक्रम का आयोजन 19 मार्च को जीवाजीगंज स्थित अग्रसेन पार्क में हुआ। कार्यक्रम में आरएसएस के नगर संघ चालक विजय बांदिल एवं नगर संघ चालक महेश मोदी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता रामकुमार सिंह सिकरवार ने डॉ. हेडगेवार के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा महज 8 वर्ष की आयु में विक्टोरिया उत्सव की मिठाई ठुकराकर उन्होंने विदेशी शासन का विरोध कर राष्ट्रभक्ति का परिचय दे दिया था। स्कूल में वंदे मातरम का उद्घोष करने पर उन्हें निष्कासन झेलना पड़ा, पर वे झुके नहीं।

### समाज में समरसता लाने का कार्य कर रहा है संघ

संघ के वर्तमान कार्यों पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि संघ आज शिक्षा, स्वास्थ्य और संस्कार बीजारोपण के माध्यम से समाज में समरसता लाने का कार्य कर रहा है। कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिक, प्रबुद्धजन और बड़ी संख्या में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सामूहिक प्रार्थना के साथ हुआ। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने राष्ट्र निर्माण और सामाजिक समरसता कायम करने का संकल्प भी दोहराया।

# रेडीमेड बाउंड्रीवॉल बनाने वाले 2 भाईयों पर फावड़े से हमला, जख्मी



## सिविल लाईन क्षेत्र के मुंगावली गांव में हुई घटना, साथी मजदूरों पर आरोप

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 19 मार्च।** मुंगावली गांव स्थित साइट पर सीमेंट की रेडीमेड बाउण्ड्रीवॉल के निर्माण का काम कर रहे दो सगे भाईयों पर दो साथी मजदूरों ने फावड़े से हमला बोल दिया। दोनो सगे भाईयों को जख्मी हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार उत्तरप्रदेश के उन्नाव जिले के कांटा गुलजार गांव निवासी मुदस्सिर खान (35) और उसका भाई कय्यूम खान (30) रेडीमेड बाउण्ड्रीवॉल निर्माण करने का काम करते है। करीब 15 दिन पहले उन्होंने सिविल लाईन थाना क्षेत्र के ग्राम मुंगावली स्थित साइट पर बाउण्ड्रीवॉल निर्माण का कार्य शुरू किया था। काम को जल्द पूरा करने के लिए मुदस्सिर और कय्यूम खान उत्तरप्रदेश से अपने साथ धर्मेश, अंकुल सहित कुछ अन्य मजदूरों को अपने साथ लेकर आए थे। बीते चार दिन से धर्मेश और अंकुल घर जाने की बात कह रहे थे, जिसे लेकर मुदस्सिर ने उन्हें कहा था कि नए मजदूरों के आने पर वे अपने घर जा सकते है। लेकिन धर्मेश और अंकुल इस बात पर राजी नहीं थे, इसी बात को लेकर गुरूवार को मुद्स्सिर और कय्यूम का धर्मेश एवं अंकुल से विवाद हो गया, विवाद बढ़ने पर धर्मेश व अंकुल ने फावड़े से दोनों भाईयों पर हमला बोल दिया। हमले में मुदस्सिर और उसके भाई कय्यूम खान बुरी तरह जख्मी हो गए। हमला करने के बाद धर्मेश और अंकुल भाग निकले। दोनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की थी।

# जेएसी जागृति ने हाऊस मेड्स का सम्मान कर भेंट की सुहाग सामग्री




**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 19 मार्च।** अपना परिवार चलाने के लिए अन्य घरों में काम करने वाली महिलाओं के चेहरों पर खुशी नजर आ रही थी, क्योंकि उन्हें पूरे भाव के साथ रेस्टोरेंट में भोजन के लिए बुलाया गया था। यह खुशी तब और बढ़ गई जब लंच से पहले उन्हें सम्मानित किया गया और सुहाग की सामग्री भेंट की गई। यह अनूठी पहल महिलाओं के स्वयंसेवियों संगठन जेएसी मुरैना जागृति के गणगौर के पर्व के उपलक्ष्य में की थी।

महिला सशक्तिकरण और उनके व्यक्तित्व विकास के लिए तरह-तरह के इनोवेशन करने को ख्यात जेएसी मुरैना जागृति की सदस्यों ने इस बार गणगौर पर हाउस मेड्स को सम्मानित करने का प्रोग्राम बनायाए ताकि उनके अंदर भी अपने काम के प्रति आदर और आत्मविश्वास जाग्रत हो सके। जेएसी की सदस्यों ने तकरीबन डेढ़ दर्जन हाउस मेड्स को आमंत्रित किया और सुहाग की सामग्री उपहार में दी। उन्होंने सभी हाउस मेड्स को गेम्स खिलाये और खुद भी उनमें हिस्सा लिया। अंत में सभी हाउस मेड्स को भोजन कराया गया। खास बात यह रही कि जेएसी मेम्बर्स ने खुद अपने हाथों से उन्हें भोजन परोसा। कुछ हाउस मेड्स ने कहा कि यह उनके जीवन का अविस्मरणीय क्षण है, क्योंकि उन्होंने पहली बार किसी रेस्टोरेंट में भोजन किया है। अध्यक्ष इति माहेश्वरी ने कहा कि गणगौर केवल एक त्यौहार नहीं, बल्कि प्रेम, सम्मान और रिश्तों को मजबूत करने का प्रतीक है। इस पहल के माध्यम से हमारा प्रयास है कि समाज की हर महिला इस उत्सव की खुशियों में शामिल हो सके।

### भविष्य में भी ऐसे कार्य करते रहने का संकल्प लिया

इस अवसर पर फाउंडर प्रेसिडेंट भावना जैन, कोषाध्यक्ष हेमलता मोदी, अंजना शिवहरे, कंचन चावला, पल्लवी माहेश्वरी, अनीता शिवहरे, उमा अग्रवाल, कंचन सिंह, रश्मि सिंह, ममता गुप्ता, नेहा, सपना, अर्चिता, ज्योति मोदी, निशा सहित अन्य उपस्थित सभी सदस्यों एवं महिलाओं ने इस सामाजिक पहल की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे कार्य निरंतर करते रहने का संकल्प लिया।

## एक नजर में

### बघरौली के ग्रामीण बिजली समस्या से परेशान, दिया ज्ञापन

**मुरैना/कैलारस, 19 मार्च।** तहसील कैलारस के ग्राम बघरौली में लंबे समय से बिजली समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों ने 19 मार्च को मप्र के ऊर्जा मंत्री के नाम स्थानीय वरिष्ठ भाजपा नेता श्री शुक्ला को ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि विद्युत वितरण कंपनी के डीसी सुर्जमा के अंतर्गत आने वाले बघरौली फीडर की विद्युत आपूर्ति विगत तीन दिनों से पूरी तरह ठप्प पड़ी हुई है। जिसकी वजह से गांव में पेयजल, घरेलू कार्यों के साथ दैनिक जीवन पर गंभीर असर पड़ रहा है। भीषण गर्मी के मौसम में बिजली सप्लाई के ठप्प होने से ग्रामीणों की समस्याएं और अधिक बढ़ गईं है। ज्ञापन में ग्रामीणों ने ऊर्जा मंत्री से बघरौली फीडर से जुड़े गांवों में बिजली आपूर्ति जल्द बहाल किए जाने की मांग की है। ग्रामीणों की मांग पर भाजपा नेता श्री शुक्ला ने भरोसा दिलाया कि ग्रामीणों की समस्या के समाधान के लिए वे जल्द ही ऊर्जा मंत्री से मुलाकात करेंगे और बिजली सप्लाई बहाल कराने का प्रयास करेंगे।



बैठक में पेंशनर्स ने लिया मांगों के लिए संघर्ष का संकल्प

### प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन की आवश्यक बैठक आयोजित

**मुरैना।** प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन की आवश्यक बैठक का आयोजन 18 मार्च को हुआ। यह बैठक स्थानीय गांधी बाल निकेतन के सभागार में हुई। बैठक में एसोसिएशन के प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी डॉ. देवेंद्र तोमर ने संगठन की गतिविधियों तथा भविष्य के आंदोलन की रूपरेखा के संबंध में जानकारी दी। तत्पश्चात जिलाध्यक्ष बीएल टुंडेले ने प्रांतीय कार्यकारिणी के आव्हान पर 16 अप्रैल को भोपाल में प्रस्तावित धरना प्रदर्शन के बारे में पेंशनर्स साथियों को जानकारी दी। सभी पेंशनर्स बीते कई वर्षों से संघर्ष कर रहे हैं और अपनी मांगों को मनवाने के लिए सरकार से निवेदन कर रहे हैं लेकिन अभी तक सरकार ने पेंशनर्स के हित में कोई कदम नहीं उठाया है। बैठक में केएल चौहान, उमाशंकर दीक्षित, जितेंद्र सिंह गुर्जर, अशोक तिवारी आदि ने भी विचार व्यक्त किए। मुरारीलाल प्रजापति ने काव्य पाठ किया। पेंशनर्स साथियों ने आंदोलन को अपना पूरा समर्थन देने का संकल्प लिया। बैठक में 40 पेंशनर्स ने 16 अप्रैल को भोपाल आंदोलन में शामिल होने पर सहमति जताई। इस अवसर पर बीएल टुण्डेले, अशोक कुमार तिवारी, केके मिश्रा, एचबी सिंह, डॉ. देवेंद्र तोमर, सुरेश कुलश्रेष्ठ, लालाराम दिनकर, सुरेश श्रीवास्तव, रामदीन राही, रामजीलाल सुमन, दिनेश श्रीवास्तव, हरीराम पचौरिया, गिरवरलाल शाक्य, दुर्गेश श्रीवास्तव, जितेन्द्र गुर्जर, ध्रुवसिंह चौहान, रामबाबू श्रीवास आदि उपस्थित थे। अध्यक्षता बीएल टुंडेले ने की। संचालन डॉ. देवेन्द्र तोमर एवं आभार प्रदर्शन मुरारीलाल प्रजापति ने किया।

# घट स्थापना के साथ चैत्र नवरात्र प्रारंभ, मंदिरों पर उमड़ी भीड़

## कैलादेवी दर्शन करने श्रद्धालु पैदल हुए रवाना



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 19 मार्च।** शक्ति की भक्ति का पर्व चैत्र नवरात्र महोत्सव गुरूवार को घट स्थापना के साथ शुरू हो गया है। नौ दिन तक श्रद्धालु पूजा-अर्चना कर आदिशक्ति की आराधना कर सुख-समृद्धि की कामना करेंगे। नवरात्र के पहले दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु अंचल में स्थित प्राचीन देवी मंदिरों पर पहुंचे और आदिशक्ति की पूजा-अर्चना की।

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को प्रथम दिन देवी मंदिरों में मां शैलपुत्री की पूजा-की गई। श्रद्धालुओं ने स्नानादि से निवृत्त होकर मां भवानी पर जल चढ़ाया और पूजा-अर्चना की। नवरात्र के प्रथम दिन कई श्रद्धालुओं ने उपवास रखकर शक्तिदात्री की उपासना की। गुरूवार को बड़ोखर वाली माता, महामाया मंदिर, मंशापूर्ण मंदिर, ज्ञानेश्वरी माता, पीपल वाली माता, लक्ष्मी माता, केशव कालोनी स्थित मां काली मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों पर पहुंचकर भक्तजनों ने पूजा-अर्चना की। वहीं अंचल के प्राचीन मंदिर बसैया वाली माता, मां भगेश्वरी देवी मंदिर, टेड़ी माता मंदिर, कुन्तलपुर मंदिर, श्यामपुर वाली माता, बहरारे वाली माता मंदिर, सती माता मंदिर सरसैनी, उदयपुरा स्थित देवी मंदिरों पर भव्य मेलों का आयोजन शुरू हो गया है।

# जल संरक्षण के प्रयासों से भविष्य की पीढ़ियों को मिलेगा पेयजल




**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 19 मार्च।** चैत्र प्रतिपदा के मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में संपूर्ण प्रदेश के साथ मुरैना जिले में भी जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ किया गया। मुरैना जनपद पंचायत के ग्राम धनेला स्थित जीवाराम का पुरा में तालाब गहरीकरण कार्य के साथ इस अभियान की शुरुआत हुई।

कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने स्वयं श्रमदान कर किया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत कमलेश कुमार भार्गव, अपर कलेक्टर अश्विनी कुमार रावत, जिपं सदस्य केशव सिंह, सरपंच श्रीमती मुन्नी देवी सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री जांगिड़ ने कहा कि 19 मार्च से 30 जून तक प्रदेशभर में जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज जल बचाने के प्रयास ही भविष्य की पीढ़ियों को सुरक्षित जल उपलब्ध करा सकेंगे।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने पारंपरिक उत्साह के साथ कलश यात्रा निकाली तथा तालाब गहरीकरण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया गया। कलेक्टर सहित अन्य अतिथियों ने श्रमदान किया और जनसहभागिता का संदेश दिया। सीईओ जिला पंचायत ने बताया कि मनरेगा योजना के अंतर्गत वर्ष-2019 में निर्मित तालाब के गहरीकरण कार्य की शुरुआत जनभागीदारी से की गई है।



### समाज की उन्नति के लिए एकता और शिक्षा अत्यंत जरूरी : देसाई

**मुरैना/कैलारस, 19 मार्च।** अखिल भारतीय कर्ण समाज महासभा के तत्वावधान में कर्ण समाज धर्मशाला क्षेत्र लोहिया चौराहे पर होली मिलन समारोह व जनजागरण कार्यक्रम का आयोजन विगत दिवस हुआ। इस मौके पर जिला कार्यकारिणी का विस्तार भी किया गया। समारोह में समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि गोहद विधायक केशव देव देसाई ने कहा कि किसी भी समाज की उन्नति के लिए शिक्षा, संगठन और आपसी एकता अत्यंत आवश्यक है। समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुँवर संजय सिंह ने कहा कि कर्ण समाज सदैव सामाजिक समरसता, भाईचारे और राष्ट्रहित के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाता रहा है। उन्होंने समाज बंधुओं को होली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए आपसी सहयोग और सौहार्द बनाए रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पोथीराम कर्ण ने की। इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष केप्टन नेतराम कर्ण, दीनदयाल एडवोकेट, भगवान सिंह फौजी, देवेंद्र सिंह, काशीराम कर्ण, लक्ष्मण प्रसाद कर्ण, दामोदर कर्ण, रामबाबू कर्ण, आशादेवी, रामजीवनदास महंत, रामगोपाल, विनोद, डॉ. राहुल, योगेन्द्र सिंह, बृजेन्द्र सिंह, उदयभान, भौंरीलाल, बच्चू सिंह सहित बड़ी संख्या में कर्ण समाज के लोग उपस्थित थे।


## आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री पूजा सोनी है, जिसका विवाह मेरे द्वारा करीब 14 वर्ष पूर्व राजकुमार सोनी निवासी कोटा राजस्थान के साथ वैदिक रीति-रिवाजों से संपन्न किया गया था। शादी के बाद मेरी पुत्री पूजा सोनी बीते कुछ समय से अपने पति राजकुमार सोनी को छोड़कर पृथक निवास कर रही है। मेरा व मेरे परिवारीजनों एवं मेरी चल-अचल संपत्ति से मेरी पुत्री पूजा सोनी का कोई संबंध व सरोकार नहीं रहा है। यदि मेरी पुत्री पूजा सोनी द्वारा भविष्य में किसी भी व्यक्ति से कोई लेनदेन, संव्यवहार या घटना, दुघर्टना अथवा आपराधिक कृत्य आदि किया जाता है तो ऐसे किसी भी प्रकार के कृत्य या आपराधिक घटना के लिए मेरी पुत्री पूजा सोनी स्वयं अथवा संबंधित व्यक्ति जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवारीजन का पूजा सोनी से किसी भी प्रकार से कोई संबंध व सरोकार नहीं होगा।

**सूचनाकर्ता**
**सुरेश वर्मा पुत्र श्री शिवचरन वर्मा**
**निवासी रामनगर मुरैना**
**तहसील व जिला मुरैना म.प्र.**